मुख्यमंत्री ने पाकुड़वासियों को 153 करोड़ रुपए की 118 योजनाओं का दिया तोहफा

चर्चा में क्यों?

25 नवंबर, 2023 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तीसरे चरण के 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में पाकुड़वासियों को 153 करोड़ 81 लाख रुपए की 118 योजनाओं का तोहफा दिया है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने 66 करोड़ 76 लाख 20 हज़ार रुपए की लागत से निर्मित 21 योजनाओं का उद्घाटन किया और इसके साथ ही 97 योजनाओं की आधारशिला रखी। इन योजनाओं पर 87 करोड़ 4 लाख 80 हज़ार रुपए खर्च होंगे। इस तरह 153 करोड़ 81 लाख रुपए की 118 योजनाओं का तोहफा पाकुड़वासियों को मिला।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को 126 करोड़ 94 लाख 50 हज़ार रुपए की परिसंपत्तियाँ प्रदान कर उनके सशक्तीकरण और स्वावलंबी बनने का राह प्रशस्त किये हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की आवाज और नज़रें गाँव-गाँव तक पहुँची हैं और लाखों लोगों को उनका हक-अधिकार मिला।
- उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 8 लाख परिवारों को आवास प्रदान करेगी, साथ ही 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्डधारियों को अनाज वितरित करेगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक विधवाओं की उम्र 40 वर्ष और दिव्यांगों की उम्र 18 वर्ष से अधिक नहीं हो जाती थी, उन्हें पेंशन योजना से नहीं जोड़ा जाता था, लेकिन सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू कर इन सारी बाध्यताओं को खत्म कर दिया है। आज सभी योग्य पात्रों को यूनिवर्सल पेंशन स्कीम का लाभ लाभ मिल रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-gifts-181-schemes-worth-rs-151-81-cr-in-pakur-district